तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार, 16 अक्टूबर 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 शासकीय माध्यमिक शाला कुर्री के 37...

12 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सारवंडी के लिए ग्रामीणों..


NEW HOLLAND अब आपके और भी नजदीक में न्यू हालैण्ड डीलर चारामा SWASTIK AGRO


भव्य ॥ शुभारंभ ॥
स्वास्तिक एग्रो
पेट्रोल पंप के बाजू, धमतरी रोड, चारामा माहुद
हर्षित अग्रवाल 8319216030, आयुष अग्रवाल 8109711532
सर्वाधिक PTO एवं खींचने की क्षमता
HP हाइड्रौलिक लिफ्टिंग क्षमता* - 1500 Kg
श्रेणी में सर्वाधिक रोड स्पीड 33.06 kmph
श्रेणी में सर्वाधिक रोड स्पीड 33.06 kmph


# फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को संस्था के द्वारा प्रतिशक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।

**(1) पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782**

आवेदन की अंतिम तिथि 25/10/2024

फायर सेफ्टी के कोर्स
- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



ADVT.


## खबर संक्षेप



### डांगरा में मनाया गया देव दशहरा

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम डांगरा में नरेटी भाइयों का नागेल मोहट्ट बुढ़ा देव बारह गांव बारसा देव गदिया डांगरा में देव दशहरा पूजा किया गया। जिसमें विधायक सावित्री मनोज मंडावी शामिल हुई। पेयजल के लिए सोलर पंप पानी टंकी के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके साथ ही विद्युत लाइन के लिए भी आश्वासन दिया।

### योगासन स्पोर्ट्स स्पर्धा में बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**दुर्गुकोंदल।** योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन मनसा शिक्षा कॉलेज दुर्ग में 9 से 11 अक्टूबर तक किया गया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से लगभग 220 बालक व बालिका खिलाड़ी ने भाग लिया। प्रतियोगिता में जिले से पहुँचे योगासन खिलाड़ियों में आर्टिस्टिक पेअर जूनियर बालक वर्ग में शासकीय उमावि कोंडे से साहिल सिन्हा, गुलशन सिन्हा ने द्वितीय व बालिका वर्ग में सेजेस दुर्गुकोंदल से दुर्गावती दुग्गा, विनीता ध्रुव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, रीदमेटिक पेअर में शासकीय उमावि कोंडे से फलिता पुड़ो व राजेन्द्री पोटाई ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंजना आँचला कांकेर ने जूनियर वर्ग में परामरागत योगासन में चतुर्थ व आर्टिस्टिक एकल में पांचवा स्थान प्राप्त कर मेरिट सूची में स्थान बनाया।

### अज्ञात की सड़क हादसे में मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत जिला अस्पताल में सड़क हादसे में घायल अज्ञात व्यक्ति का मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि अज्ञात व्यक्ति सड़क दुर्घना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### इलाज के दौरान हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत चिचगांव निवासी संतोष पुरामे की इलाज के दौरान 28 अगस्त को जिला अस्पताल कांकेर में मौत हो गई। कांकेर थाना में शून्य पर मर्ग कायम कर डायरी भानुप्रतापपुर थाना पेश किया। असल नंबरी मर्ग कायम कर पुलिस ने विवेचना में लिया है।

**डेथ पाइंट : घटनास्थल पर सैदव होता रहता है हादसा, रोकने नहीं हो रही पहल**

# डीआईजी बंगला के सामने बने डिवाइडर से टकराई बाइक, लोहे से चालक का गला कटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर






- घटनास्थल के पास के दुकानदारों का कहना, भीड़ को भी हटाने की है जरूरत

शहर के अंदर डीआईजी बंगला के पास टर्निंग अधिक होने के कारण बाइक चालक हर दूसरे दिन अनियंत्रित होकर एक्सीडेंट के शिकार हो रहे है। मंगलवार 15 अक्टूबर को सायं साढ़ 5 बजे एक बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई, उसमें लगे लोहे के पोल से चालक का गला कट गया। टकराने से दूसरे युवक के जबड़े में चोट आई, जिससे दांत टूट गए। घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुँचाया गया। जानकारी के अनुसार एक युवक बिना नंबर की मोटर सायकल से कांकेर शहर से गोविंदपुर की ओर 15 अक्टूबर की शाम को साढ़े 5 बजे के आसपास जा रहा था। डीआईजी बंगला के पहले टनिंग पर युवक की मोटर सायकल अनियंत्रित होकर डिवाइडर की दीवाल से टकराई। वहीं युवक डिवाइडर में लगे लोहे के पोल की चपेट में आने से गले में कट का निशान लग गया। युवक की बाइक तेज होने के कारण टक्कर जबरदस्त हुई, जिससे युवक का जबड़ा भी चोटिल हुआ और दांत टूटकर गिर गए। गले में कट जाने के कारण युवक बोल नहीं पा रहा था। युवक के जेब की तलाशी लिए जाने पर युवक के मोबाइल तक नहीं मिला। युवक के पास दस्तावेज नहीं मिलने से समाचार लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो पाई थी। डीआईजी बंगला के संतरी में तैनात जवान सड़क में पड़े घायल युवक को किनारे किया और 108 को खबर किया। एंबुलेंस 108 से घायल को जिला अस्पताल ईलाज के लिए भेजा गया। युवक के गले में कट का निशान ज्यादा दिख रहा था, वहीं प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि टर्निंग होने के कारण हर दूसरे दिन हादसा होता रहता है। हम लोग उठाकर घायलों को अस्पताल भेजते रहते है।

### एक्सीडेंट रोकने के लिए पहल होना चाहिए

घटनास्थल के पास और सामने के दुकानदारों का कहना है कि यहाँ पर जो टर्निंग है, वो बहुत खतरनाक है, उसे सीधा किया जाना चाहिए या एक्सीडेंट रोकने के लिए कोई पहल होना चाहिए। यहाँ पर हर दूसरे दिन हादसा होता रहता है। हादसा रोकने के लिए निर्माण एजेंसी और यातायात विभाग को सामने आकर कोई न कोई पहल की जानी चाहिए।



### अवैध दुकानों के कारण लगती है भीड़

इलाके के कुछ लोगों का कहना है कि अवैध दुकानें सड़क के पास तक लगा दी गई है। इन दुकानों को दूसरी जगह स्थापित किया जाना चाहिए, जिससे जो भीड़ लगती है, उसमें राहत मिलेगी और दुर्घटना रोकी जा सकती है। भीड़ भाड़ हो जाने के कारण वाहन चालक अनियंत्रित हो जाता है और दुर्घटना के शिकार हो रहे है।

### हेलमेट होने पर नहीं कटता गला

यातायात की टीम का कहना था कि मोटर सायकल चालक हेलमेट पहने होता तो गला कटने वाली जो स्थिति निर्मित हुई है, वहीं नहीं होती। मोटर सायकल में नंबर नहीं है और साथ ही उसके पास मोबाइल नंबर नहीं मिला, जिससे नहीं पता चल सका कि युवक कहां का रहने वाला है।

## स्ट्रीट लाइट के नीचे जुआ, पांच जुआरियों से साढ़े 13 हजार जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर थानांतर्गत नेहरूनगर नाराणपुर बस्ती में जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को पुलिस ने धरदबोचा। पकड़े गए जुआरियों के कब्जे से साढ़े 13 हजार रुपए जब्त कर जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि नेहरूनगर नारायणपुर में बस्ती की ओर कुछ लोग स्ट्रीट लाईट के नीचे ताश के 52 पत्तों से रुपए पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। पुलिस ने जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत मुखबिर के द्वारा बताए गए इलाके की घेराबंदी करते हुए 15 अक्टूबर की सुबह करीबन 1 बजें जुआ खेलते हुए पाँच जुआरियों को पकड़ा। जुआरियों की तलाशी लिया गया और फड़ से रकम को जप्त किया गया। जुआँ स्थल में पकड़ाए जुआरियों में भानुप्रतापपुर निवासी 22 वर्षीय हरीश नायर पिता यतीन्द्र नायर, नायापारा भानुप्रतापपुर निवासी 32 वर्षीय कौशिक जैन पिता रेशरी लाल जैन, 27 वर्षीय अमन बल पिता स्व. सुख विंदर सिंह बल, रानवाही निवासी 40 वर्षीय दिनेश नुरेटी पिता स्व. बुधराम नुरेटी और भानुप्रतापपुर निवासी 33 वर्षीय गौकरण टांडिया पिता श्यामलाल टांडिया को दबोचा गया। जुआरियों की तलाशी लिए जाने और जुआँ स्थल से पुलिस ने नकद 13 हजार 470 रुपए और ताश के पत्ती को जब्त किया गया। भानुप्रतापपुर पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ धारा 3 (2) छत्तीसगढ़ जुआ के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार एएनएम हुई घायल




- पति ने थाना में किया शिकायत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत शंकर नगर के आंगनबाड़ी में ड्यूटी करने जा रही महिला को बाइक चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से महिला के सिर पर व शरीर के अन्य हिस्सो में चोट आई है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे सुभाषपारा भानुप्रतापपुर निवासी दीपक कुमार बिश्वास पिता स्व. अतुल कृष्ण बिश्वास ने पुलिस को बताया कि 11 अक्टूबर को सुबह लगभग साढ़े 10 बजे मेरी पत्नी अंजली बिश्वास अपनी स्कूटी में सवार होकर शंकर नगर स्थित आंगनबाड़ी में बच्चों के टीकाकरण सत्र में कार्य करने जा रही थी। गुरूद्वारा के सामने मेन रोड पर आरोपी मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीसी 4716 के चालक द्वारा तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर मेरी पत्नी अंजली विश्वास के स्कूटी को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरी पत्नी अंजली बिश्वास मेन रोड पर स्कूटी समेत गिर गई। सिर में चोट आने की वजह से वह बेहोश हो गई। हाथ, पैर व आंख के पास चोट आई है, वहाँ पर मौजूद लोगों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भानुप्रतापपुर में भर्ती कराया। चिकित्सक ने परीक्षण उपरांत अधिक चोट आने पर सीटी स्कैन एवं एक्सरे कराने की सलाह दिया। घायल अंजली बिश्वास को बालोद स्थित हांस्पिटल में सिटी स्कैन एवं एक्स रे करवाया गया है तथा चिकित्सक ने गहन अब्जरवेशन में रखा गया। पत्नी का ईलाज कराने के कारण रिपोर्ट दर्ज कराने में देरी हुई है, अब भी पत्नी का ईलाज जारी है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### महला में जनसमस्या निवारण शिविर 16 को

**कांकेर।** जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का सतत आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार 16 अक्टूबर को कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के क्लस्टर परतापुर की ग्राम पंचायत महला में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। ग्राम पंचायत महला में सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक लगाया जाएगा, जिसमें ग्राम भिंगीडार, कामतेड़ा, उदनपुर, मदले और मेण्ड्रा के ग्रामीण शामिल होंगे।

## चंदा नहीं देते हो बोलने पर बुजुर्ग महिला की पिटाई



- पिता-पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत कुरूटोला में अपने रिश्तेदार के घर बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट कर उसे खून से लथपथ कर लिया। बुजुर्ग महिला ने अपने रिश्तेदार को चंदा और बरना क्यों नही देते हो पूछने पर पिता-पुत्र ने मिलकर जोरदार हमला कर घायल कर दिया।

थाना में शिकायत करने पहुंची पूफगांव निवासी 44 वर्षीय बुधियारिन नरेटी पति स्व. नरसिंह नरेटी ने पुलिस को बताया कि मेरी मां चैतीबाई नरेटी 13 अक्टूबर को सुबह 9 बजे कुरूटोला निवासी रिश्तेदार राहुल हिडको के यहां मरनी काम में जाने के लिए निकली थी। मां के साथ हमारे गांव के रजाय नरेटी एवं अन्य दो महिला गए थे। काम खत्म होने के बाद अगले दिन 14 अक्टूबर को रजाय नरेटी एवं साथ में गए थे। गांव के दो अन्य महिला जिनका नाम मैं नहीं जानती मां को पकड़कर शाम 7 बजे के आसपास घर पूफगांव लेकर आए। मां के सिर में चोट लगी थी और वह खून से लथपथ थी। मैंने रजाय नरेटी से पूछा तो उसने बताया क ग्राम कुरूटोला में चाचा बीरसिंह के घर में थे। तुम्हारी मां चैती बाई तुम्हारे चाचा बीरसिंह को गांव में चंदा और बरना क्यों नहीं पटाते हो बोली, तो तुम्हारे चाचा बीर सिंह तुम कौन होती हो बोलने वाली कहते हुए डण्डा से हमला कर दिया। आरोपी का बेटा ▶▶| शेष पेज 10 पर

**खनिज विभाग की टास्कफोर्स समिति की बैठक में बनी रणनीति**

# खनिज के अवैध उत्खनन, भण्डारण,परिवहन पर रोक लगाने अब की जाएगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- अनुविभागीय अधिकारियों को सतत निगरानी के निर्देश

जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की आयोजित बैठक में जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, भण्डारण और परिवहन पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाने पर कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने जोर दिया। खनिज सहित सभी अनुविभागीय अधिकारियों को सतत निगरानी करने के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा अन्य विभिन्न एजेंडो पर चर्चा किया गया।

खनिज विभाग की टास्कफोर्स समिति की 15 अक्टूबर को आयोजित बैठक में जिला खनिज अधिकारी बीएस पैकरा ने अनुविभागवार खनिजों के अवैध उत्खनन के विरूद्ध की गई कार्रवाई जानकारी दिया। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के समन्वय से खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सतत निगरानी के लिए बैठक में चर्चा किया गया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 59 के तहत परिवहन अनुमति के लिए निर्माणी ठेकेदारों को प्रोत्साहित करने के संबंध में कलेक्टर ने खनिज अधिकारी को निर्देशित किया। इसके साथ ही खनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों में तारपोलिन एवं अन्य उपयुक्त सामग्रियों से सही तरीके से ढंकने को लेकर भी बैठक में संक्षिप्त चर्चा किया गया। जिला खनिज अधिकारी ने कहा कि नई खदानों के लिए पंचायत को परमीशन दिया जाएगा और यह प्रयास होगा कि प्रत्येक विकासखंड में खदानों का संचालन नियमानुसार किया जाए। नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

### बैठक में यह अधिकारी रहे उपस्थित

आयोजित बैठक में खनिज विभाग के अलावा पुलिस विभाग, वन विभाग और परिवहन विभाग के अधिकारियों के अलावा राजस्व विभाग के आला अफसर मौजूद रहे। आयोजित बैठक में खनिज विभाग के अलावा अनुविभागीय अधिकारियों को भी सतत निगरानी के लिए निर्देशित किया गया।

पाठक सूचना
कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### नन्हे कलाकारों ने निकाली राम दरबार की झांकी

**कुरूद।** ग्राम पंचायत गोबरा में पंचमुखी हनुमान मंदिर से छोटे-छोटे बच्चों द्वारा श्रीराम ,लक्ष्मण, माता सीता की ढोल-बाजे नगाड़े के साथ मनमोहक व भव्य झांकी निकाली गई। असत्य पर सत्य की विजय का पर्व विजयादशमी के अवसर पर शनिवार को रावण का पुतला का दहन किया गया। ग्रामीण मनोहर साहू और पुनीत राम साहू ने बताया कि इस वर्ष भी दशहरा पूजा पर रावण के पुतले का दहन किया गया। अग्नि बाण से रावण का वध किया गया। इस अवसर पर पूनम साहू, डोमेन, टिकेश्वर, देवराज, धनंजय, किशोर, लक्की, गजेंद्र, टीकम, गुलशन, तेजेंद्र सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### देवपुर मेला स्थल में मंदिर निर्माण के लिए भूमि आवंटित




**धमतरी।** डोंगेश्वर धाम मेला स्थल देवपुर में गायत्री मंदिर निर्माण के लिए भूमि प्रदान की गई है। इसके लिए गायत्री परिवार जिला धमतरी ने पदाधिकारियों का आभार माना है। मंदिर के निर्माण से सभी प्रकार के तर्पण अस्थि विसर्जन आदि पुण्य कार्य सम्पन्न होंगे।

### कोर्रा के कलाकारों ने किया रामलीला का सुंदर मंचन



**बगदेही (धमतरी)।** दशहरा के पावन पर्व पर ग्राम पंचायत कोर्रा में जय बजरंग रामलीला परिवार कोर्रा के कलाकारों द्वारा रामलीला का सुंदर मंचन किया गया। जिसमें कलाकारों द्वारा गणेश वंदना, राम जन्म, राम सीता विवाह, राम वनवास यात्रा, सीता हरण, हनुमान मिलाप, सेतु निर्माण, अंगद रावण वार्ता, मेघनाथ कुंभकर्ण वध, लंका दहन सभी कांड की बहुत ही सुन्दर प्रस्तुति झांकी के माध्यम से किया गया। जय हनुमान रामलीला परिवार कोर्रा के प्रमुख कलाकारों में अरुण रावण, टिकेश्वर अंगद, चेतन, गयाराम, केशव, संतोष, लोकेश, लक्ष्य कुमार, गुलशन साहू डीजी अकादमी, एवं कोर्रा के बहुत से युवा मित्र शामिल थे। जिनके द्वारा प्रत्येक वर्ष दशहरा के दिन रावण वध, एवं रामलीला की सुंदर प्रस्तुति दिया जाता है। ग्राम कोर्रा के सरपंच चोवाराम साहू एवं सभी गणमान्य नागरिकों के द्वारा भगवान राम की पूजा अर्चना किया गया इसके पश्चात भगवान राम जी की विशाल झांकी यात्रा को पूरे गांव में घुमाया गया। रावण वध के उपरांत प्रसाद वितरण के साथ रामलीला का समापन किया गया।

### दावा-आपत्ति 20 तक

**धमतरी।** वर्ष 2024-25 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कराने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत पाए गए पात्र, अपात्र अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि अभ्यर्थी अपना रजिस्ट्रेशन आईडी अथवा अपना नाम एवं जन्म तिथि अंकित कर पात्र-अपात्र की स्थिति देख सकते हैं।

पेज 09 के शेष

### चंदा नहीं देते...

संतु नरेटी गाली देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया, जिससे तुम्हारी मां के सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सो में चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# एनएच- 30 में सड़क हादसा, एक की मौत

**मंझिआठगाँव के पास इकोवेन को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगाँव

■ एक घायल का अस्पताल में इलाज जारी

नेशनल हाइवे 30 मांझीआठगाँव के पास सोमवार की रात करीब 2 बजे इकोवेन को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और फरार हो गया । अज्ञात वाहन की टक्कर से इकोवेन के एक साइड का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सड़क हादसे में इकोवेन में सवार एक की मौत हो गई, वही एक युवक घायल है। जानकारी अनुसार फरसगाँव निवासी अभिषेक नेताम पिता मनी नेताम और चन्द्रशेखर साहू पिता स्व. राजकुमार साहू दोनों इकोवेन क्रमांक सीजी 22 एस 0891 में सवार होकर केशकाल की ओर जा रहे थे, तभी नेशनल हाइवे 30 मांझीआठगाँव के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें साइड से जबरदस्त टक्कर मार दी । हादसे में दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गये,जिन्हें उपचार हेतु तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया गया। जहां उपचार के दौरान अभिषेक नेताम की मौत हो गई। चंद्रशेखर साहू के सीने में चोट आई है । सोमवार को कोण्डागांव कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम का पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया है ।



# बस्तर ओलंपिक में भाग लेने 2 हजार 833 खिलाड़ियों ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ कलेक्टर ने बस्तर ओलम्पिक की तैयारी के संबंध में ली बैठक

कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बस्तर ओलम्पिक के संबंध में खेल संघों एवं व्यायाम शिक्षकों की बैठक ली गई। उन्होंने बैठक में अधिक से अधिक खिलाड़ियों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में आयोजन की तैयारियों के संबंध में खेल मैदान का चिन्हांकन एवं मरम्मत करने की कार्रवाई तथा आवश्यक खेल सामग्री खिलाड़ियों को उपलब्ध कराने के निर्देश जिला खेल अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्कूल, आश्रम एवं शासकीय, अशासकीय संस्थाओं में बस्तर ओलम्पिक से संबंधित क्यूआर व ऑनलाइन पंजीयन का लिंक चस्पा करें ताकि खिलाड़ियों को पंजीयन में सुविधा हो सके।

जिला खेल अधिकारी ने बताया कि बस्तर ओलम्पिक 2024 में भाग लेने के लिए पंजीयन की प्रक्रिया जारी है, जिसकी अंतिम तिथि 20 अक्टूबर 2024 है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी विकासखण्डों में अब तक 2 हजार 833 खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन करा लिया है।

## संघ की शाखा, संस्कार का एक महत्वपूर्ण केंद्र है : यादव

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पथ संचलन कर कोर्रा में मनाया विजयादशमी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरूद




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खण्ड कुरुद द्वारा पथ संचलन कर ग्राम कोर्रा (गातापार) में विजयादशमी उत्सव मनाया। इस दौरान करीब 100 स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में कदम से कदम मिलाते हुए देश में एकता और अखंडता का संदेश देते दिखे। तत्पचात स्वयंसेवकों ने वर्ष भर चलने वाले शारीरिक कार्यक्रम दंड, योग, सूर्य नमस्कार, नियुद्ध और घोष का प्रदर्शन कर हिंदुत्व और राष्ट्रप्रेम की भावना पर जोर दिया।

मुख्य वक्ता के रूप में छग प्रान्त किसान कार्य प्रमुख उत्तर यादव ने कहा है कि संघ हिंदुत्व और देशभक्ति की भावना को लेकर निरंतर आगे बढ़ रहा है। देशभर में चरित्रवान व्यक्तियों को संगठित कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिंदुत्व के जागरण को आगे बढ़ा रहा है। देश के महापुरुषों ने जो हिन्दुस्तान हमें सौंपा है, उस हिन्दुस्तान की आजादी व हिंदुत्व को बचाए रखने के लिए संघ निरंतर 99 वर्षों से कार्य कर रहा है। संघ की शाखा संस्कार का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने कहा है कि संघ बदलते सामाजिक परिवेश के साथ पर्यावरण संरक्षण, ग्राम विकास, नशा मुक्ति, विद्यार्थी, कृषक, मजदूर सभी क्षेत्रों में संघ के विभिन्न अनुषांगिक संगठन कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर खण्ड संघ चालक भागीरथी साहू, खण्ड कार्यवाहक पोषण साहू, स्वयं सेवकगण जितेंद चंद्राकर, नमी बैस, जय प्रकाश साहू, जितेंद यदु, सनी भारती, किशन साहू, मुरलीधर साहू, चोवाराम साहू, भीम साहू, मालक राम साहू, तिलोक जैन, हरख जैन, गिरिराज सोन, आनंद यदु, यशवंत गंजीर, भावप्रकाश साहू, आशीष साहू, दीनदयाल, पुरुषोत्तम निषाद, हेमंत साहू, दुलार सिन्हा शंशाक कृदत्त, सतीश साहू, योगेश्वर सिन्हा, विष्णु साहू, डाकेश, ओमकंर, कामेश्वर, डोमेन्द्र, मोहित, रोशन साहू, तुषार, रामकृष्ण नेताम, युगेश धीवर, हरीश साहू, नन्दकुमार, रज्जू आदि उपस्थित थे।



### आदिवासी नगारची समाज द्वारा नवाखाई पर्व मनाया गया

**अंवरी।** छत्तीसगढ़ आदिवासी नगारची समाज द्वारा सामूहिक रूप से बड़ादेव ठाणा सिहाद-भखारा (नगारची समाज भवन) में आदिवासी मुठवा तिरुमाल विक्रम सिंह मण्डावी के सानिध्य में नवाखाई पर्व मनाया गया। जिसमें सामाजिक मुठवा तिरुमाल रतन नगारची, नगारची समाज प्रदेश अध्यक्ष तिरुमाल देवनाथ नेताम, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष तिरुमाल रामनारायण नगारची, डोमा परिक्षेत्र अध्यक्ष तिरुमाल संतोष नगारची, परिक्षेत्र सचिव तिरुमाल नागेन्द्र मरकाम, घनश्याम नगारची, राजेश जोड़ाम, प्रमोद जोड़ाम, रानू जोड़ाम, दीपक मरकाम, महेन्द्र मरकाम, नरेन्द्र मरकाम, मुकेश मरकाम, गजेन्द्र मरकाम, राजू मरकाम, अनुराग नगारची, नेहा नगारची, सोना नगारची, ठामेश्वरी नगारची, निर्मला नगारची, परमिला नगारची, तिलोत्तमा मरकाम, वासु मरकाम, नंदनी नगारची, रोहित नगारची आदि सामाजिक जन उपस्थित रहे।

### डीजे डांस में जान्हवी द्वितीय रही



**नगरी।** राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता के एकल नृत्य में द्वितीय ग्राम सेमरा निवासी जान्हवी पिता सत्येंद्र कुमार साहू रही। वह महानदी ऐकेडमी देउरपारा सिहावा की क्लास 2 की छात्रा है। मुख्य अतिथि ने उसे पुरस्कृत किया।

# रावण-अंगद संवाद ने दर्शकों का मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिर्री



विजयादशमी पर्व पर ग्राम चिपरीडीह (दर्रा) में रावण-अंगद संवाद नाटक का मंचन बाल कलाकारों द्वारा किया गया। धूमधाम एवं हर्षोल्लास से विजयादशमी दशहरा पर्व मनाया गया। ग्राम चिपरीडीह में नाट्य लीला प्रस्तुत करने की परंपरा रही है। इसे स्थापित करने में स्व. स्नेहीधर दीवान, स्व. रामदयाल साहू (मैनेजर), स्व. बलराम सेन, स्व. रोहितराम साहू (पूर्व मैनेजर), स्व. डॉ. उमेश साहू, स्व. रामाधार साहू जैसे अनुभवी मार्गदर्शक कलाकरों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। दूर-दूर तक इस गांव का नाट्य मंचन प्रसिद्ध है। जिसे आज की नई पीढ़ी बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने में अपना योगदान प्रदान कर रही है। विजयदशमी पर्व में आयोजित नाट्य मंचन की शुरुआत वरिष्ठ कलाकार खूबीराम साहू, रुपूराम यादव, सेवकराम साहू, चिंताराम साहू, मकसूदनराम साहू, खेमलाल साहू, नीलमन साहू, लिखेश दिवाकर, रमेश विश्वकर्मा, दीपक साहू का गुलाल वंदन एवं श्रीफल भेंटकर किया गया। तत्पश्चात बाल कलाकारों ने रावण- अंगद संवाद की जोशीले एवं भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुति दी। श्रीराम ने लंकापति रावण का की नाभि पर प्रहार कर उसकी जीवन लीला समाप्त की।

### शिक्षक ने बच्चों को कराया न्योता भोज



**बगदेही (धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में संस्था के वरिष्ठ शिक्षक सुरेश कुमार घृतलहरे ने अपने जन्मदिन पर छात्रों को न्योता भोज कराया। चावल, दाल, सब्जी, केला, मिक्चर, चाकलेट बांटे। मौके पर प्रधानपाठक कमल लाल सार्वा, गोपाल राम साहू, भेषज साहू समेत स्कूल स्टाफ उपस्थित थे।

### बिरगुड़ी में सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मचाई धूम




**नगरी।** श्री नव दुर्गा उत्सव समिति बिरगुड़ी के तत्वावधान में इस वर्ष भी धूमधाम के साथ माता रानी की पूजा-अर्चना की गई। विजयादशमी महोत्सव पर मोर गांव के लइका सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समापन बेला के मुख्य अतिथि वन परिक्षेत्र अधिकारी बिरगुड़ी दीपक गावड़े, पल्लवी गावड़े थे। अध्यक्षता रविन्द्र साधना ने की। विशेष अतिथि सतीश सहारे अध्यक्ष आयोजक समिति, राजेश कश्यप, हीराराम नाग, राजेश समुंद, गोकुल नाग, नरोत्तम नेताम, वशिष्ठ बिसेन, कुमलेश कुंजाम, युवा संगठन अध्यक्ष बुधेश नायक, नीरज नाग, संजय समुंद, प्रवीण सोम, जादू समुन्द, विकास नाग, पोखन यादव थे। मंच संचालन डाकेन्द्र कश्यप ने किया।

### चौलाई भाजी और झुड़ंगा का मुख्यमंत्री ने चखा स्वाद...



**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने बस्तर प्रवास के दौरान 1921 में स्थापित आमचो बस्तर क्लब में संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे मांझी-चालकी, मेंबर-मेंबरीन और बस्तर दशहरा पर्व के पारंपरिक सदस्यों के साथ दोपहर का भोजन किया। इस दौरान उन्होंने दशहरा समिति के उपाध्यक्ष लक्ष्मण मांझी से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने दोपहर के भोजन में बस्तर के पारंपरिक व्यंजनों के साथ सैगोड़ा, उड़द दाल बड़ा, चटनी, मिक्स वेज पकोड़ा, चौलाई भाजी, करेला प्याज आलू बैंगन बड़ी, झूड़गा की सब्जी, रायता, पुड़ी, जीरा राइस, दाल तड़का का स्वाद लिया।

### राज्य स्थापना दिवस पर स्थानीय अवकाश

**धमतरी।** छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग रायपुर द्वारा राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 1 नवम्बर को सभी शासकीय कार्यालयों, संस्थाओं के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। कलेक्टर नम्रता गांधी ने पूर्व में दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा हेतु 1 नवम्बर को जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया था।

## विकसित राष्ट्र निर्माण व छग के विकास में चैंबर ऑफ कॉमर्स का महत्वपूर्ण योगदान : साय

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में उद्योग की अपार संभावनाएं हैं। बस्तर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज इस क्षेत्र में 54 वर्ष से निरंतर सेवाभाव से बस्तर सहित राज्य के विकास में निरंतर कार्य कर रहा है, जिससे राज्य उत्तरोत्तर विकास कर रहा है। बस्तर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का विकसित राष्ट्र बनाने एवं छत्तीसगढ़ के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है।

यह बातें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने चैंबर के शपथ ग्रहण समारोह में कही। साथ ही चैम्बर भवन के लिए एक करोड़ रूपए देने की घोषणा की। उन्होंने चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों में श्याम सोमानी अध्यक्ष, विमल बोथरा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कमल सेठी उपाध्यक्ष, नवरतन जलोटा महामंत्री, ईरशाद खान उपाध्यक्ष, सुरेंद्र चांडक उपाध्यक्ष, श्रीधर राव मद्दी कोषाध्यक्ष, दीपक भानुशाली मंत्री, गजेंद्र चांडक मंत्री, राजकुमार दंडवानी उपाध्यक्ष, शैलेंद्र भदौरिया उपाध्यक्ष, ओम प्रकाश टावरी उपाध्यक्ष, के. रवि कुमार उपाध्यक्ष, राजेश सोनी मंत्री, श्रीपाल जैन मंत्री, राजकिशोर राठी मंत्री, जवरीलाल चौरड़िया मंत्री, प्रमोद गुप्ता मंत्री, नरेश राठी मंत्री को शपथ दिलाई। चैम्बर की वेबसाइट का शुभारंभ किया, जिससे सभी सदस्य समस्त गतिविधियों की जानकारी हासिल कर सकेंगें। साथ ही सर्व सुविधायुक्त ऑक्सीजन, वेंटिलेटर एवं अन्य उपकरणों से युक्त एम्बुलेंस सेवा हेतु तैयारी पूर्ण कर ली गई है। उसे मूर्त रूप देकर संचालित शव वाहन, मरच्यूरी बॉक्स जैसी सुविधा का बेहतर संचालन सुनिश्चित होगा। साथ ही सदस्यों के लिए कर्मकार उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे आंचलिक रोजगार भी उपलब्ध होगा।

## बस्तर मड़ई व क्षेत्रीय सरस मेला 19 अक्टूबर तक

# मेले में आकर्षित कर रहे स्व-सहायता समूहों के स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ समूह की ओर से 8.77 लाख का विक्रय



क्षेत्रीय सरस मेले में 225 से अधिक स्व-सहायता के 405 सदस्यों द्वारा समूह के उत्पादित समानों का विक्रय किया जा रहा है। मेले में प्रदर्शित वस्तुओं में हस्तशिल्प, कृषि आधारित उत्पाद, वनोपज, और स्थानीय पारंपरिक खाद्य सामग्री शामिल हैं। विशेष रूप से कोदो, कुटकी, रागी, बेलमेटल उत्पाद, आचार, पापड़, बड़ी, अगरबत्ती, और कपड़ा बुनाई के स्टॉल लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। इसमें अब तक समूह द्वारा 8 लाख 77 हजार 483 रुपए का विक्रय किया गया हैं। यह बातें मंगलवार की शाम लालबाग में पत्रवार्ता में कलेक्टर हरीश एस ने कही। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा 12 से 19 अक्टूबर तक आयोजित बस्तर मड़ई एवं क्षेत्रीय सरस मेले का उद्घाटन वन मंत्री केदार कश्यप द्वारा किया गया था। लालबाग मैदान में प्रदर्शनी के माध्यम से विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी नागरिकों को प्रदान की जा रही है, जिससे वे सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। प्रदर्शनी में पुलिस, ग्रामीण विकास, कृषि, वन, महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन, स्वास्थ्य विभाग, जनसंपर्क और हथकरघा जैसे प्रमुख विभागों ने अपने स्टॉल लगाए हैं। नागरिकों को इन स्टॉलों पर प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आजीविका मिशन की प्रदर्शनी लगी है। नियद नेल्लानार योजना के अन्तर्गत नक्सल प्रभावित गांवों तक जो बुनियादी सुविधाएं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाया गया है, उसके संबंध में भी जानकारी प्रदर्शित करने हेतु प्रदर्शनी स्टॉल लगाई गई है। पत्रवार्ता में जिला पंचायत के सीईओ प्रकाश सर्वे भी मौजूद थे।

### प्रसिद्ध कलाकार दे रहे प्रस्तुति

कलेक्टर ने कहा कि बस्तर मड़ई के अवसर पर लालबाग मैदान में प्रतिदिन विभिन्न खेलकूद कबड्डी, वॉलीबॉल, रस्सा-कस्सी, खो-खो एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों लोकनृत्य एवं गायन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जा रही है। 17 अक्टूबर को हंसराज रघुवंशी एवं अबूझमाड़ मलखम एंड स्पोट्स एकेडमी, 18 अक्टूबर को जादू बस्तर, 19 अक्टूबर को शबाब साबरी एवं मोनाली ठाकुर द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित बस्तर मड़ई एवं सरस मेला में लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति एवं रूचि देखी जा रही है।

# काछनजात्रा पूजा विधान में काछिन देवी की पूजा कर माना आभार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

निर्विघ्न दशहरा सम्पन्न होने के बाद अंचल के देवी देवताओं के साथ सेवादार भंगाराम चौक से पथरागुड़ा जाने वाले मार्ग में स्थापित काछिनगुड़ी मण्डप में पहुंचकर पूजा अर्चना की। इस दौरान बलि देकर देवी के प्रति कृतज्ञता भेंट की गई।

दशहरा की प्रमुख रस्मों में शामिल काछन जात्रा पूजा विधान मंगलवार को काछिनगुड़ी में की गई। इस दौरान काछिनदेवी अपने प्रतीक चिन्हों के साथ यहां पहुंची। इस दौरान स्थानीय देवी देवताओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए छत्र व लाठ के साथ पुजारी व सेवादार भी शामिल हुए। सभी बाजे गाजे के साथ काछिनगुड़ी मण्डप में पहुंचे। यहां यथाशक्ति बलि देकर निर्विघ्न दशहरा सम्पन्न होने पर देवी के प्रति कृतज्ञता भेंट की गई। गौरतलब है कि रियासतकालीन परम्परानुसार देवी देवताओं की विदाई से पूर्व दशहरा निर्विघ्न सम्पन्न होने पर काछनजात्रा रस्म के अनुसार काछिनदेवी का आभार माना जाता है।

## खबर संक्षेप

### बच्चों के मध्य हुई विविध प्रतियोगिता



**गीदम।** पीएमश्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण संचालित जावंगा गीदम में विद्यालय स्तर पर बच्चों के मध्य अनेक विधाओं विद्या वैभव, मंथन मण्डल, डिजिटल क्वेस्ट और डिस्कवर एवं लर्न लोकल साइट्स जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता उपप्राचार्य वृषभान खांडेकर के नेतृत्व में आयोजित हुई।

### शपथ ग्रहण में पहुंचे व्यापारी



**दंतेवाड़ा।** बस्तर चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में क्षेत्र के व्यापारी मनोज सुराना, प्रमोद गुप्ता ने व्यापारी संघ के माध्यम से सीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें अवगत कराते कहा कि जगदलपुर से दन्तेवाड़ा के मध्य दोहरी रेल्वे लाइन का कार्य पूर्ण हो चुका है। अतः जगदलपुर तक आने वाली हीराखण्ड एक्सप्रेस एवं सम्लेश्वरी एक्सप्रेस को दन्तेवाड़ा तक करने की मांग की। संघ ने आगे कहा कि इससे दक्षिण बस्तर भी विकास की दृष्टि से मजबूती से जुड़ जायेगा।

### महिलाओं को दी भाजपा सदस्यता अभियान की जानकारी



**गीदम।** छत्तीसगढ़ महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत के आदेशानुसार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी की सहमति एवं भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ममता गुप्ता के नेतृत्व में रेणु लक्ष्मैया राव के वार्ड क्रमांक 6 में कोर्ट कॉलोनी की सभी बहनों के साथ चौपाल लगाकर महतारी वंदन एवं सदस्यता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पार्षद रेणु लक्ष्मैया राव, पार्षद लता मरकाम, मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष बिमला उपस्थित थी। उपस्थित महिलाओं एवं बहनों को भाजपा सदस्यता अभियान की जानकारी दी गई।

### सरस मेला पहुंचे एसपी



**जगदलपुर।** पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा रविवार की शाम क्षेत्रीय सरस मेला में सपरिवार पहुंचे। विभिन्न स्टालों का अवलोकन के दौरान जांजगीर-चांपा जिला से आए हुए कोसा सिल्क स्टाल में उन्होंने खरीदारी कर ऑनलाइन भुगतान भी किया। साथ ही महिला स्व-सहायता समूहों के प्रयास की सराहना भी किए।

## 2 करोड़ 99 लाख 78 हजार से अधिक राशि से निर्माण

# पुराना तहसील कार्यालय को दसराहा पसरा का दिया गया नया रूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज बस्तर जिले के एक दिवसीय प्रवास में पहुंचें। इस दौरान 2 करोड़ 99 लाख 78 हजार से अधिक राशि का बस्तर दसराहा पसरा के विकास कार्य का लोकार्पण किया।

दंतेश्वरी मंदिर के समीप स्थित पुराने तहसील कार्यालय को जीर्णोद्धार कर बस्तर दशहरा के लिए समर्पित किया गया है। इसका नाम बस्तर दसराहा पसरा (बस्तर दशहरा हेतु स्थल) दिया गया है। मुख्यमंत्री ने पसरा में बस्तर दशहरा के विभिन्न रस्मों के प्रदर्शित फोटो प्रदर्शनी, प्रतीकात्मक रथ, देवी-देवताओं के प्रतीकों की सराहना की। साथ ही प्रतीकात्मक रथ के समीप फोटो भी खिंचवाई।

- मुख्यमंत्री ने बस्तर दसराहा पसरा के विकास कार्य का किया लोकार्पण



इस दसराहा पसरा में 75 दिवसीय दशहरा उत्सव में होने वाले मुख्य विधि-विधान पाट जात्रा, डेरी गढ़ाई, काछन गादी, रैला देवी पूजा, जोगी बिठाई, रथ परिक्रमा, बेल पूजा, निशा जात्रा, मावली परघाव, भीतर रैनी-बाहर रैनी, काछन जात्रा, कुटुम्ब जात्रा एवं डोली विदाई की जीवन्त प्रतिकृति स्थापित कर जन सामान्य एवं पर्यटकों को सुलभ जानकारी देने का प्रयास किया गया है।

प्रसिध्द बस्तर दशहरा पर्व छत्तीसगढ़ की अनूठी सांस्कृतिक विशेषतापूर्ण एवं बस्तर के जन-जातियों की आराध्य देवी दन्तेश्वरी तथा स्थानीय देवी-देवताओं की पूजा विधान के रूप में मनाया जाता है। तहसील कार्यालय में पहले से चली आ रही परंपरा अनुसार दशहरा पर्व में शामिल होने वाले क्षेत्र के सभी देवी-देवता, आंगादेव, देवी की छत्र की उपस्थिति का दर्ज इसी स्थल पर किया जाता रहा है। इसलिए प्रशासन द्वारा तहसील कार्यालय को अन्य स्थल पर स्थांनातरित कर पुराने तहसील कार्यालय को दसराहा पसरा के लिए चिन्हांकित कर दिया गया है।

इस अवसर पर वनमंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, कांकेर सांसद भोजराज नाग, विधायक किरण देव, कोंडागांव विधायक लता उसेंडी, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, महापौर सफीरा साहू, साथ ही पूर्व सांसद और विधायक, पार्षदगण एवं अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि, कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर हरिस एस., पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

## मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना की...



**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने एक दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान सिंहड्योढ़ी स्थित मंदिर में मां दंतेश्वरी की दर्शन और पूजा-अर्चना कर प्रदेश की जनता की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

## सीएम का आत्मीय स्वागत...



**जगदलपुर।** स्थानीय मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के एक दिवसीय बस्तर प्रवास में जगदलपुर आगमन पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री साय का स्वागत वनमंत्री केदार कश्यप, सांसद बस्तर महेश कश्यप, सांसद कांकेर भोजराज नाग, विधायक किरणदेव, कोंडागांव विधायक लता उसेंडी, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, महापौर सफीरा साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, पूर्व विधायक संतोष बाफना, लच्छुराम कश्यप, सुभाऊ कश्यप के साथ-साथ बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., सीसीएफ आरसी दुग्गा, कलेक्टर हरिस एस., एसपी शलभ कुमार सिन्हा सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों ने किया।

## बस्तरिया आदिवासी गीत पर झूमे श्रोता

छत्तीसगढ़ी गायिका आरू साहू के कार्यक्रम में मौजूद रहे हजारों श्रोतागण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी

छत्तीसगढ़ी लोकगीतों को अपने मधुर स्वर से गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने वाली 14 वर्षीय आरू साहू के कार्यक्रम ने भानपुरी में हजारों श्रोताओं को सुबह 3 बजे तक बैठने मजबूर कर दिया। भक्ति और लोकगीतों के समागम के बीच तालियों की गड़गड़ाहट और जय श्री राम के घोष के साथ दर्शकों ने खूब आनंद उठाया।

लोकगीत गायिका आरू साहू का स्वागत मंच पर मां दुर्गा समिति के द्वारा किया गया। गणेश वंदना से प्रारंभ कार्यक्रम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पश्चात गीतों की



झड़ी में आरू साहू के साथ श्रोतागण झूम उठे। हजारों की संख्या में दूर दराज से आए लोग इस कार्यक्रम का आनंद रात 3 बजे तक लेते रहे। भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस बल भी तैनात किया गया था। कार्यक्रम में इंद्रपाल सिंह उर्फ रिंपी ने भी खूब धमाल मचाया।

दर्शकों के बीच पहुंच पंजाबी गाने में नाचकर श्रोताओं को आनंदित कर दिया। मां दुर्गा समिति करंदोला के द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय स्टेडियम में किया गया था। कार्यक्रम में पूर्व विधायक चंदन कश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, सरपंच करंदोला संतोष बघेल, जनपद सदस्य भूषण गुप्ता, नानू कश्यप, छोटू कश्यप, पंचगण सहित ग्रामीण हजारों की संख्या में मौजूद रहे।

## अनुपस्थित शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

### बीईओ व संकुल समन्वयकों ने विभिन्न स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देश व मार्गदर्शन पर नवरात्रि व दशहरा पर्व के लंबी छुट्टी के बाद स्कूल खुलने पर मंगलवार को बस्तर ब्लॉक के स्कूलों में शैक्षणिक

- शालाओं का औचक निरीक्षण लगातार सभी संकुलों में जारी रहेगा

माहौल और अधिक बेहतर बनाने तथा शिक्षकों की हाजिरी सुनिश्चित करने को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी लोकनाथ नाग एवं गठित संकुल समन्वयकों की टीम द्वारा विभिन्न



स्कूलों का औचक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम संकुल केंद्र सालेमेटा-2, लामकेर और भोंड के शालाओं में संकुल समन्वयकों के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। संकुल समन्वयकों ने शालाओं में देर से आने वाले शिक्षक और अनुपस्थित शिक्षकों की जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी को दी। समन्वयकों द्वारा शालाओं में कई बिंदुओं पर निरीक्षण किया गया। जिसमें शालाओं की साफ-सफाई, शौचालय की साफ-सफाई, मध्यान भोजन की गुणवत्ता, शिक्षा का स्तर, स्कूलों में प्रिंट रीच वातावरण, बहु भाषा शिक्षण के अंतर्गत अध्यापन कार्य, पोषण वाटिका का निर्माण शिक्षक डायरी आदि बिंदुओं पर निरीक्षण किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा देर से आने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं और अनुपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी करना और संतोषप्रद जवाब न मिलने पर वेतन रोकने की बात अधिकारियों ने कही। उन्होंने कहा शालाओं का औचक निरीक्षण लगातार सभी संकुलों में जारी रहेगा। जिससे सभी शालाओं में शिक्षा के स्तर में सुधार होगा। शिक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने शालाओं का सघन निरीक्षण सतत जारी रहेगा।

## सर्व आदिवासी समाज ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सर्व आदिवासी समाज विकासखंड इकाई गीदम द्वारा स्वास्थ्य विभाग में एमपीडब्ल्यू, एएनएम, फार्मासिस्ट, रेडियोग्राफर, ड्रेसर जैसे विभिन्न पदों के प्रशिक्षण केंद्र खोलने की मांग को लेकर कलेक्टर व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आज ज्ञापन सौंपा गया। सर्व आदिवासी समाज का कहना हैं कि वर्तमान में जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा में विभिन्न पदों को लेकर भर्ती प्रक्रिया शुरू है। जानकारी एवं प्रशिक्षण के अभाव में जिले भर के स्थानीय युवक-युवतियां इससे वंचित रहते हैं। जिले में प्रशिक्षण केंद्र खोलने से स्थानीय युवक-युवतियों को भर्ती की जानकारी के साथ चयन हेतु बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो पाएगी। इसके साथ ही स्थानीय युवक-युवतियों आसानी से अपने गृह जिले में रोजगार उपलब्ध हो पायेगा। प्रशिक्षण केंद्र खोलने से जिले के दूरस्थ क्षेत्रों के बेरोजगार युवाओं को भर्ती हेतु पूर्ण रूप से तैयारी करने का अवसर भी प्राप्त होगा। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज गीदम ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार वेट्टी, उपाध्यक्ष बीजू राम कश्यप, मंगडू कड़ती, कुमा राम वेक, बलदेव कश्यप, अनिल कर्मा, रामनाथ पुजारी, रयतु राम मंडावी, अनिल वेको, सुदराम भास्कर सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहें।

### सेन्ट्रल लाईब्रेरी में जरूरी किताब उपलब्ध कराने निर्देश

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विभागवार समीक्षा के दौरान सभी विभागों में उपलब्ध 15 वर्षों से अधिक अवधि में चलित वाहनों को उपयोगयुक्त हो तो निलामी करने तथा उपयोगयुक्त न होने की दशा में नष्टिकरण करने के निर्देश दिए। जिले के 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण युवाओं को जो प्रतियोगिता परीक्षा में बैठना चाहते है। उन्हें लाईब्रेरी से जोड़ने, उनकी निःशुल्क कोचिंग क्लास एवं जरूरी किताब उपलब्ध कराने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों को लेकर जल्द निराकरण करने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। साथ ही निराकरण होने के पश्चात हितग्राही को फोन कर जानकारी दी जाने की बात कही।

## शिविर में होगा आपके व्यक्तित्व का विकासः बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने गत दिवस दीप प्रज्वलित कर किया। एनएसएस के छात्र-छात्राओं द्वारा परेड के साथ कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने के पश्चात बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने एनएसएस का ध्वजा रोहण कर कार्यक्रम आरम्भ किया।

जगदलपुर पीजी कॉलेज द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस कैंप ग्राम पंचायत आड़ावाल में लगाया गया है। राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस एक सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम है। इसमें कॉलेज के छात्र-छात्राएं सामुदायिक सेवा गतिविधियों में हिस्सा लेते हैं। इन गतिविधियों में शामिल होने के लिए, छात्रों को स्वयंसेवक के तौर पर काम करना होता है।

लखेश्वर बघेल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों से विस्तार पूर्वक अपने अनुभवों को साझा किया और कहा कि वह भी अपने छात्र जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक रह चुके हैं।




## बच्चों को दिलाई हाथ धुलाई एवं स्वच्छता की शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

बस्तर विकासखण्ड अन्तर्गत माध्यमिक शाला कुड़कानार में आज विश्व हाथ धुलाई दिवस का आयोजन किया गया। गंदगी से संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा होता है। हमें अपने आस-पास के वातावरण के अलावा अपने शरीर को भी स्वच्छ रखना चाहिए। यह बात विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर माध्यमिक शाला कुड़कानार के प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव ने कही। यादव ने कहा कि हम सभी को अपने आस-पास के वातावरण को साफ-सुथरा रखना चाहिए। हम सभी को साफ एवं स्वच्छ रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर यह संकल्प लेना चाहिए कि हम गंदगी को हटाएंगे। वातावरण को स्वच्छ बनाएंगे। समारोह पूर्वक सभी बच्चों को इस अवसर पर हाथ धुलाई एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। बच्चों ने अपने लिये साबुन बैंक बनाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र यादव, शिक्षकों में नीरज कुमार कुंजाम, फूल सिंह यादव, आभा प्रीति एक्का, शिल्पा शार्वा, ममता ठाकुर समेत अन्य उपस्थित थे।

### राज्य स्थापना दिवस एवं देवउठनी एकादशी पर स्थानीय अवकाश

**धमतरी।** छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग रायपुर द्वारा राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 1 नवम्बर को सभी शासकीय कार्यालयों, संस्थाओं के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। कलेक्टर नम्रता गांधी ने पूर्व में दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा हेतु 1 नवम्बर को जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया था, जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए उन्होंने जिले में 12 नवम्बर को देवउठनी एकादशी पर स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

### जनसमस्या निवारण शिविर 16 को सिर्री में

**धमतरी।** आमजनों की शिकायत, समस्या और मांग संबंधी आवेदनों का निराकरण करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन जिले में किया जा रहा है। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर 16 अक्टूबर को कुरूद विकासखण्ड के ग्राम सिर्री में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### घायल युवक की इलाज के दौरान हो गई मौत

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत बांदे निवासी 23 वर्षीय बदन जोतदार की इलाज के दौरान रायपुर के निजी अस्पताल में 11 अक्टूबर को मौत हो गई। सुधीर जोतदार ने पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### बुजुर्ग ने लगाई फांसी मर्ग किया गया कायम

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत पीव्ही 66 बलरामपुर निवासी 60 वर्षीय अनुकूल मंडल ने 13 अक्टूबर को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बलरामपुर निवासी समीर मंडल ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### पीएम आवास योजना अंतर्गत गुदम में आवास मेला आज

**दुर्गुकोंदल।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 16 अक्टूबर को विकास खंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत गुदम में आवास मेला आयोजित किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत सुबह 10 बजे से आवास मेला आयोजित होगा, जिसमें ग्राम पंचायत के लाभान्वित सभी हितग्राहियों को सम्मिलित किया जाएगा।

### माहरा समाज के लोगों ने सीएम को दिया ज्ञापन

**जगदलपुर।** माहरा को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने आज समाज के लोगों ने राष्ट्रपति के नाम मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। समाज अध्यक्ष महेश स्वर्ण ने कहा कि माहरा आदिवासी जनजाति 1949-50 में मध्यप्रदेश राज्य पत्र में उल्लेख माहरा आदिवासी जनजाति को अनुसूचित जनजाति में अधिसूचित करने एवं राजस्व रिकार्ड को दुरूस्त कर मध्य रियासतों में भूमि अधिकार आदेश में की गई व्यवस्था के अनुसार प्रांतिय सरकार घोषित जाति आदेश की पहली अनुसूची में बताई गई है। रियासतों में सम्मिलित क्षेत्र के लिए आदिवासी जनजातियों की अनुसूची में दर्ज माहरा आदिवासी जनजाति को अनुसूचित जनजाति में अधिसूचित करने मांग की गई।

### लालबाग मैदान में होगा सनातन राष्ट्र जागरण आज

**जगदलपुर।** बस्तर की धरती पर सनातन धर्म की पताका थामे वैदिक विदुषी अंजलि आर्य 16 अक्टूबर की संध्या 6.30 से 9 बजे तक लालबाग मैदान में हुंकार भरेगी।

## निधन

### परदेशी राम सलाम

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत गोड़पाल निवासी 58 वर्षीय



भाजपा के वरिष्ठ नेता परदेशी राम सलाम का आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम गोड़पाल में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रिश्तेदार शामिल हुए।

# उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के लिए 17 विभागों को दिया गया टास्क, तय रणनीति पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज. कांकेर। उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के जिले में सफल क्रियान्वयन के संबंध में बैठक लेकर समीक्षा कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों को सौंपे गए दायित्वों की जानकारी भी दी गई। कलेक्टर ने उक्त कार्यक्रम को प्राथमिकता से लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरतापूर्वक करने के निर्देश दिए।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इसका उद्देश्य 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के असाक्षरों को पढ़ना, लिखना एवं गणित में दक्ष करना है। इस दौरान उन्होंने इसके अंतर्गत सम्मिलित किए गए बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल विकास, बुनियादी शिक्षा तथा सतत शिक्षा कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 में प्रमुखता से शामिल किए गए प्रौढ़ शिक्षा एवं जीवन पर्यन्त शिक्षा, देशव्यापी परीक्षा, वर्ष 2030 तक शत-प्रतिशत लोगों को साक्षर बनाने का लक्ष्य तथा इस वर्ष 10 लाख असाक्षरों को साक्षर किए जाने के संबंध में बताया। जिला शिक्षा अधिकारी ने उल्लास कार्यक्रम के लिए राज्य शासन द्वारा निर्धारित किए गए अंतरविभागीय समन्वय के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत 17 विभागों को टास्क दिया गया है।

### अधिकारियों को दिलाई गई शपथ




#### इन विभागों के अफसर हुए शामिल

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय प्रशासन, उच्च शिक्षा, आदिवासी विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, समाज कल्याण, श्रम, वन, कृषि, पशुपालन, जनसम्पर्क, सहकारिता, जल संसाधन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, परिवहन, कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा, उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी, विधि एवं विधायी, खेल एवं युवा कल्याण, गृह एवं जेल, खाद्य नागरिक आपूर्ति, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा ग्रामोद्योग विभाग शामिल हैं। बैठक के अंत में कलेक्टर ने उपस्थित सभी अधिकारियों को नवभारत साक्षरता कार्यक्रम से जुड़ने तथा शिक्षार्थियों को साक्षर बनाने के लिए प्रेरित करने व इस दिशा में निरंतर प्रयास करने की उल्लास शपथ दिलाई।

**समीक्षा : जल जीवन मिशन के कार्यों में बारिश के बाद हुई प्रगति से कलेक्टर संतुष्ट**

# ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कार्यों को गुणवत्ता से करें पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में

■ जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

आज दोपहर आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत एफएचटीसी, उच्चस्तरीय जलागार निर्माण तथा सोलर आधारित पेयजल विस्तार और निर्माण कार्यों की विकासखण्डवार समीक्षा की। बारिश की समाप्ति के पश्चात जल जीवन मिशन के लंबित कार्यों में आई प्रगति पर संतुष्टि जाहिर करते हुए कलेक्टर ने ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्राथमिकता से इन कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को दिए। साथ ही जिन फर्मों व एजेंसियों द्वारा निर्माण कार्य में रूचि नहीं ली जा रही है, उनका टेंडर निरस्त कर पुनर्निविदा आमंत्रित करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।

समय-सीमा बैठक के उपरांत आयोजित समीक्षा बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता बी.एन. भोयर ने सोलर पंप की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में अब तक 173 ग्रामों में 71 हजार 332 एफएचटीसी क्रियाशील है। इसी तरह सोलर पंप स्थापना के लिए क्रेडा को 2209 का आवंटन किया गया है।

जिनमें से 926 सोलर पंप से पाइप लाइन जोड़कर पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। कार्यपालन अभियंता ने उच्च स्तरीय जलागार निर्माण की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में वर्तमान में लक्ष्य के विरूद्ध आरसीसी टंकी निर्माण के 231 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 168 प्रगतिरत और 36 अप्रारंभ है।

### 1626 संयंत्र स्थापित, 991 से पेयजलापूर्ति हुई प्रारंभ

*इसके अलावा सोलर पंप आधारित पेयजल आपूर्ति की भौतिक प्रगति जानकारी देते हुए श्री भोयर ने बताया कि क्रेडा को आवंटित कार्यों में से 1626 संयंत्र स्थापना का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि 991 से पेयजलापूर्ति प्रारंभ हो चुकी है। कलेक्टर ने पूर्ण किन्तु अप्रारंभ संयंत्रों के गुणवत्तापूर्ण स्थापना पर जोर देते हुए सभी कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता को दिए।*

### आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य में तेजी लाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**कांकेर।** साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक नीलेश क्षीरसागर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने विभिन्न विभागों में लंबित निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने जिले में आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों के अधूरे एवं अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने तेजी लाने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने सभी निर्माण विभागों में लंबित कार्यों की जानकारी लेते उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने निर्देश दिए। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह 10.30 बजे से आहूत बैठक में कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, सेतु निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विद्युत आदि विभागों में प्रगतिरत निर्माण कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने 15 साल पुराने शासकीय वाहनों को अपलेखन करने की कार्यवाही जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए। इसी तरह ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के मामले में विकासखण्ड कोयलीबेड़ा, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर एवं दुर्गूकोंदल में पंचायत स्तर पर व्यक्तिगत नाडेप निर्माण, सेग्रिगेशन, कचरा संग्रहण कार्य में गत सप्ताह से कोई विशेष प्रगति नहीं आने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कलेक्टर ने संबंधित जनपद पंचायत सीईओ को चेतावनी देते हुए कहा कि आगामी हफ्ते तक यदि इन कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं आई तो उनके विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा बैठक में कलेक्टर ने नियद नेल्लानार, मनरेगा, सामाजिक अंकेक्षण, ओडीएफ प्लस मॉडल विलेज, लखपति दीदी, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, पीएम श्री, स्कूल जतन योजना, पोषण पुनर्वास केन्द्र सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों कों आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही विभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए जिला स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया।

**अस्पताल में चल रही सफाई, कहकर रोका**

# इलाज नहीं मिलने से मासूम बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

नेंड्रा गांव से आज सुबह परिजन अपने बच्चे को ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आवापल्ली पहुंचे थे। परिजन कुछ देर तक अस्पताल परिसर में बैठे रहे। मासूम को ईलाज नहीं मिलने से परिजन वहां से ले गये, जिसके बाद वन विभाग आफिस के सामने मासूम की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह 8.30 बजे के आसपास नेंड्रा गांव से हरीश उयका पिता सोमलू उयका 4 वर्ष को इलाज के लिए परिजन आवापल्ली के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे थे। सुबह 9 बजे के आसपास मासूम ने दम तोड़ दिया।

■ फारेस्ट आफिस के सामने बच्चे ने तोड़ा दम




### अस्पताल में साफ- सफाई चल रही थीः सीएमएचओ

*बीजापुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. बीआर पुजारी ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि बच्चे को लेकर परिजन सुबह अस्पताल आए थे। अस्पताल में उस समय साफ सफाई का काम चल रहा था। स्वास्थ्य कर्मियों ने थोड़ी देर रूकने को कहा, इस बीच बच्चे को लेकर परिजन चले गए। थोड़ी देर बाद जब लोगों ने देखा तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी। बच्चे को झटके आ रहे थे।*

### ये कैसी लापरवाही?

बच्चे की हालत गंभीर थी, अस्पताल में काम करने वालों छोटे से लेकर बड़े कर्मचारियों को पता होता है कि मरीज की कंडीशन क्या है। ये कैसी लापरवाही है कि जिंदगी से बड़ी हो गई साफ- सफाई। बच्चे खोने वाले परिवार का दोष शायद यह था कि वह बहुत दूर से इलाज कराने आया था, ग्रामीण था। स्वास्थ्य मंत्री, अधिकारी सबके के निर्देश के बावजूद आखिरकार कर्मचारी अपना रवैया क्यों नहीं बदलता, यह एक बहुत बड़ा सवाल है। अस्पताल पहुंचने वाले हर मरीज का जीवन बचाने इलाज सबसे पहले होना चाहिए।

# शहर में पहली बार अनवरत 36 घंटे का भंडारा हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में 36 घंटे का अनवरत चलने वाला माता का भंडारा व जगराता का आयोजन मंगलवार को पंडितों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रों व आरती के साथ प्रातः 7 बजे प्रारंभ हुआ। प्रातः 5.30 बजे योग कक्षा के साधकों की उपस्थिति में योग किया गया।

माता रानी के 36 घंटे अनवरत चलने वाले महाभंडारे व जगराता कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, महापौर सफीरा साहू, जिला अध्यक्ष रूप सिंग मंडावी, प्रदेश प्रवक्ता संजय पाण्डे, रंजीत पांडे उपस्थित रहे। सेवा देने वाले भाई, बहन भगवा अथवा स्वेत वस्त्र तिलक कलावा धारण कर प्रसाद वितरण कर रहे हैं।





# शासकीय माध्यमिक शाला कुर्री के 37 बच्चों का हुआ नेत्र परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

राष्ट्रीय अंधत्व निवारण सह अल्प दृष्टि कार्यक्रम के अंतर्गत शालेय नेत्र परीक्षण शासकीय माध्यमिक शाला कुर्री में अध्ययनरत माध्यमिक शाला के कुल 35 बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिसमें एक छात्रा के नेत्र में दृष्टि दोष पाया गया जिसका परीक्षण किया गया। छात्रा को निःशुल्क चश्मा प्रदान किया जाएगा। शेष सभी बच्चों की नेत्र दृष्टि सामान्य पाई गई। सभी बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए शिक्षा प्रदान की गई। प्रतिदिन उबला पानी पीने, खाने से पहले साबुन से हाथ धोने, पौष्टिक भोजन करने की सलाह दी गई।

■ सभी बच्चों का दृष्टि अच्छी, एक छात्रा को देंगे निशुल्क चश्मा

■ स्वस्थ रहने के लिए दी गई स्वास्थ्य शिक्षा

नेत्र सुरक्षा के विषय में जानकारी बताते हुए नेत्र सहायक अधिकारी अशोक यादव ने कहा बताया कि आँखें अनमोल हैं, इसकी सुरक्षा सभी को करनी चाहिए। सभी प्रति दिन अपनी आँखों को काम से कम 4 से 5 बार साफ पानी से धोएं। आंखों में यदि कुछ चीजें जैसे तिनका, धूल के कण आदि चला जाए तो पहले साफ पानी से धोएं यदि न निकल पाए तो अपने नजदीकी नेत्र चिकित्सक अथवा नेत्र सहायक अधिकारी को दिखाएं। वर्ष में कम से कम एक बार नेत्र परीक्षण अवश्य करवाएं, जिनको दृष्टि दोष है व चश्मा लागते हैं। वे प्रतिदिन चश्मे को पहने, आँखों में दर्द होने, सिरदर्द होने, आंख का लाल हो जाने या नेत्र में कोई भी समस्या होने पर शीघ्र अपने नजदीकी अस्पताल में जाकर दिखाना चाहिए।

### इनका रहा योगदान

शाला में हुए नेत्र परीक्षण में आरएचओ विश्वनाथ नेताम तथा कुर्री के शिक्षक-शिक्षिका निर्मला बाग प्रधान अध्यापिका, प्रमिला दुग्गा, लीना दिल्लीवार आदि का योगदान रहा।

# सर्व पिछड़ा वर्ग समाज स्थापना दिवस मनाने के संबंध में बनाई गई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग समाज का बैठक ब्लॉक स्तरीय पिछड़ा वर्ग समाज का ब्लॉक अध्यक्ष विजय पटेल के अध्यक्षता में बाजार मंडी प्रांगण में आयोजित की गई थी। जिसमें भानुप्रतापपुर में 18 अक्टूबर को होने जा रहे स्थापना दिवस में परिक्षेत्रवार अपनी व्यवस्था से कार्यक्रम स्थल भानुप्रतापपुर स्वयं के साधन से पहुंचने का निर्देश जारी किया गया है।

पिछड़ा वर्ग समाज से प्रत्येक परिवार से एक सदस्य एवं अधिकारी कर्मचारी अनिवार्य रूप से भाग लेने को कहा गया है। पिछड़ा वर्ग स्थापना दिवस को उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सर्व पिछड़ा वर्ग समाज अपनी पूरी ताकत दिखाकर अपनी मांगों को भी सरकार के पास रखेगी। बैठक में प्रमुख रूप से सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के अशोक जैन कृष्ण नागवंशी एवं परिक्षेत्र के पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहें।

### आठ जुआरी पकड़े गए 22 हजार नकद जब्त



**गीदम।** जिले में अपराधों की रोकथाम एवं असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं उन्नति ठाकुर एसडीओपी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिन्हा के नेतृत्व में गीदम पुलिस लगातार असमाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई कर रही है। मुखबिर की सूचना पर माड़ियापारा कासोली में अवैध जुआ खेल रहे 8 आरोपियों को आज पकड़ा। फड़ से नकदी रकम 22,860 रुपए जब्त कर अपराध क्रमांक 106/2024 धारा छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सारवंडी के लिए ग्रामीणों ने मांगा एमबीबीएस डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कलेक्टर जनदर्शन में स्वास्थ्य केन्द्र में एमबीबीएस डॉक्टर की नियुक्ति करने, कोड़ेजुंगा बाईपास चौराहा में लाइट व्यवस्था कराने, उचित मूल्य दुकान में मिलने वाले गुड़ तथा चना की गुणवत्ता में सुधार लाने, नल जल योजना चालू करवाने सहित विभिन्न प्रकार की मांगों व समस्याओं से संबंधित कुल 71 आवेदन जिले के आवेदकों से प्राप्त हुए।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। सरोना तहसील के ग्राम सारवंडी में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एमबीबीएम डॉक्टर की नियुक्ति करने तथा उचित मूल्य की दुकान में मिलने वाले गुड़ और चना की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए ग्रामीणजनों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार ग्राम कोड़ेजुंगा निवासी दिनेश नेताम सहित ग्रामीणों द्वारा बाईपास चौराहा में लाईट व्यवस्था के आवेदन प्रस्तुत किया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत आलनार के आश्रित ग्राम तयोरा के प्राथमिक शाला प्रांगण में हैण्डपंप की स्वीकृति, हरहरपानी के ग्रामीणों ने पेयजल की व्यवस्था करवाने, नेटवर्क सुधरवाने तथा नया टावर लगवाने, भूमि वापस दिलवाने, आवासीय मकान दिलाने, रोजगार प्रदान करने, राशन तथा आधार कार्ड बनाने और महतारी वंदन योजना की राशि दिलवाने सहित विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर आवेदन प्राप्त हुए।

■ अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

■ कलेक्टर जनदर्शन में मिले 71 आवेदन



सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज




मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

